## पीड़ित मानवता की सेवा में हमेशा तत्पर रहता है रोटरी क्लब : मंत्री उदय प्रताप

**गाडरवारा, देशबंधु।** विगत दिवस रोटरी क्लब द्वारा आयोजित पांच दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का समापन होटल सुरभि पैलेस में किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी एवं धन्वंतरि जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। मंचासीन अतिथियों का माला,पुष्प गुच्छ व रोटरी मोमेंटो देकर सम्मान किया। स्वागत भाषण रोटरी क्लब अध्यक्ष मनीष जायसवाल ने देते हुए आमंत्रित अतिथियों एवं सदस्यों का अभिनंदन व सफल आयोजन के लिए रोटेरियन सदस्यों एवं डॉक्टर की टीम व कार्यक्रम से जुड़े हर व्यक्ति के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उदय प्रताप सिंह ने स्वास्थ्य शिविर की प्रशंसा करते कहा कि रोटरी क्लब द्वारा स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से निस्वार्थ भाव से जन मानस की सेवा की जाती है उन्होंने आगे कहा कि लडो,लड़ नहीं सकते तो बोलो,बोल नहीं सकते तो लिखो,लिख नहीं सकते,तो उनका सहयोग करो जो लड़ रहे हैं,उनका मनोबल बढ़ाओ। रोटरी क्लब के वरिष्ठ सदस्य मिनेंद्र डागा ने कहा गया,कि रोटरी क्लब हमेशा शिक्षा,स्वास्थ्य,परिवहन एवं पीड़ित मानवता की सेवा में सतत कार्य करते रहता है । पूर्व विधायक श्रीमति साधना स्थापक ने कहा की रोटरी क्लब ने शिविर आयोजित कर जनहित में अनुकरणीय कार्य किया है। नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने कहा कि मैंने स्वयं इस शिविर में आकर थेरेपी ली साथ ही अपने अनुभव को साझा किया व रोटरी क्लब के समस्त सदस्यों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दो। सांसद चौधरी दर्शन सिंह ने कहा कि नाम के आगे रोटेरियन शब्द लगना अपने आप में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है व रोटरी के सदस्य जो सेवा के क्षेत्र में कार्य करते रहते है उनकी सेवा को प्रणाम करता हू। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमति रिचा स्थापक भी उपस्थित रही।



मंच संचालन अमन जैन ने एवं आभार प्रदर्शन रोटरी क्लब सचिव अभिषेक बड़कुर ने किया। आयोजित कार्यक्रम में गाडरवारा नगर के गणमान्य नागरिक समाजसेवी संस्थाएं रोटरी क्लब के सभी सदस्य डॉक्टरो की टीम उपस्थित रही। उक्त जानकारी रोटरी क्लब मीडिया प्रभारी नीलेश साहू दी गई है।

## नगर में आईपीएल क्रिकेट का सट्टे का बड़ा कारोबार

**गाडरवारा देशबन्धु।** शहर में इन दिनों आईपीएल का क्रिकेट का सट्टा जमकर चल रहा है। चुनाव आचार संहिता के चलते पुलिस सडक़ों पर, अपराधों की रोकथाम, अपराधियों की धरपकड़ और कानून व्यवस्था की आदर्श स्थिति बनाए रखने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं।

आदतन बदमाशों पर नजर रखी जा रही है। मुखबिर तंत्र सक्रिय है तो जगह जगह फ्लेग मार्च निकाले जा रहे हैं। इन सबके बावजूद हाईटेक बदमाशों पर पुलिस की इस सख्ती का कोई असर नहीं नजर आ रहा है।

शहर में रोजाना आईपीएच मैच पर लाखों का सट्टा खिलाया जा रहा है। खाईबाज अलग अलग स्थानों पर बैठकर मोबाइल के माध्यम से लोगों से लाखों रुपए के दांव लगवा रहे हैं। क्रिकेट के जुनून और थोड़ा लगाकर ज्यादा कमाने के लालच में युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। पुलिस को आईपीएस सट्टा खाईबाजी की भनक तो है लेकिन खाईबाजों की लोकेशन पकड़ में नहीं आ रही है। यही कारण



है कि यह काम मोबाइल पर बैखोफ होकर चल रहा है।

इन मास्टर माइंडो के द्वारा एक आनलाईन आईडी दी जाती है जिसके माध्यम से खिलाड़ी को जोड़ते है और अपना स्वयं का आनलाइन एप बनाकर यह आईपीएल सट्टे का कारोबार चला रहे है। आईपीएल खिलाने वाले शहर के खिलाड़ी आईपीएल खिलाने वाले यह मास्टरमाइंड खाईबाज खिलाड़ी का नेटवर्क इतना मजबूत है कि इन लोगों ने शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी इनका बड़ा जाल बिछा हुआ है और यह खिलाड़ी लोगों को बराबर मोबाइल से जोड़ते हैं और खेल खिलाते में मास्टरमाइंड हैं।

### बदलते रहते हैं लोकेशन

आईपीएल का खेल खिलने वाले यह खाईबाजी अपने पास मोबाइल लैपटॉप और कुछ नगद कैसे भी रखते हैं और खेलने वालों से आनलाइन संपर्क में रहते हैं। खास बात यह है कि खाईबाज अलग अलग स्थानों पर बैठते हैं और अपनी लोकेशन बदलते रहते हैं ताकि मुखबिरी होने के बाद भी पुलिस से बचे रहें। मालूम हो कि एक टीम बनी हुई है जो शहर में आईपीएल सट्टे का कारोबार चला रहे है।

## सार-समाचार

### गाडरवारा तेंदूखेड़ा मार्ग पर चलने बाले विशालकाय डम्परों से राहगीर भयभीत

**गाडरवारा, देशबन्धु।** एनटीपीसी गाडरवारा से तेंदूखेड़ा की ओर प्रतिदिन एक सैकड़ा से ऊपर विशालकाय डम्फर राखड़ लेकर गाडरवारा से गुजरते हैं जो मार्ग पर चलने बाले फोर व्हीलर टू व्हीलर को माटी कूड़ा समझते हैं ना तो उन्हें साइड देते हैं और ना ही स्पीड कम करते हैं इन डम्फर चालकों को जरा सी भी मुरब्बत नहीं है।

अन्य प्रांतो के आरटीओ रजिस्ट्रेशन पर दौड़ रहे डम्फरो की कभी ना जाँच होती है और ना ही इन्हे कभी समझाइस दी जाती है और तो और तेंदूखेड़ा में जब एनएच 45 पर आते हैं तो एनएच पर बनी सर्विस रोड पर रांग साइड चलकर जबलपुर तरफ निकलते हैं जिससे भी एक्सीडेंट होने का भय बना रहता है। ओवरलोड चलने के कारण रोड भी कई कई जगह से टूट गई है। इन डम्फरो की स्पीड और मनमानी पर लगाम नहीं लगी तो शीघ्र कोई बड़ी दुर्घटना होगी। अतः प्रशासन को अभी चेतना होगा जिससे राहगीरों की सुरक्षा बनी रहे।

### मातृशक्तियों ने गुरुदेव के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** ब्राह्मण महिला एकता परिषद और राष्ट्रीय महिला जाग्रति मंच द्वारा श्री सिद्ध बाबा झिरना पुण्य स्थल पर श्री राम महायज्ञ में अपनी उपस्थिति दी।इस पुण्य स्थल पर जाकर मातृशक्तियो ने सर्वप्रथम गुरुदेव के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया। फिर पक्षियों के पानी की व्यवस्था के लिए सकोरे रखे। मातृशक्तियो द्वारा वैशाख माह में श्रद्धालुओं के पेय जल हेतु मटके रखे गए एवम हवन सामग्री हेतु सामग्रियों का संग्रह कर भेंट की गई। महिलाओं द्वारा यज्ञ बेदी के दर्शन के पुण्य लाभ अर्जित किया। इस कार्यक्रम में श्रीमतीं विवेक पांडे,सरला पांडे, अरुणा दुबे,वंदना कोरी, ज्योति तिवारी,नीरा बुधौलिया, मंजुलता पांडे, शिवकुमारी तिवारी,सपना शर्मा, शालू शर्मा,भारतीं रघुवंशी,रक्षा पालीवाल, लूसिंग तिवारी, सुषमा श्रीवास्तव एवम शुभालिका तिवारी की सह्योगनिय उपस्थिति रही। इसी तारतम्य में गौ सेवा समिति के सदस्यों श्रीमतीं सुनन्दा भट्ट,शालिनीं दुबे एवम निशा सोनी द्वारा गौ काष्ठ भी हवन हेतु भेंट की गई।

### चौकसे हॉस्पिटल में पुलिस हेल्थ चेकअप कैम्प का हुआ आयोजन



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** चौकसे हॉस्पिटल नरसिंहपुर द्वारा रविवार को पुलिस हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन किया गया। चौकसे हॉस्पिटल द्वारा यह पुलिस चेकअप का द्वितीय कैम्प है, जिसमें लगभग 100 से अधिक पुलिस अधिकारी व कर्मचारी अपना स्वास्थ्य परीक्षण करा चुके हैं। डॉक्टर अमित चौकसे ने स्वास्थ्य परीक्षण कर पुलिसकर्मियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सलाह दी।

### सौसर में प्रिंटर और 15 हजार सहित नकली नोट बनाने का गिरोह पकड़ाया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पांढुर्णा जिले के सौंसर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को नकली नोट छापने वाले गिरोह को पकड़ने में बड़ी सफ्लता हाथ लगी है। पुलिस ने 15000 के नकली नोटों के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और आगे की पूछताछ जारी है। वहीं देर शाम तक आरोपियों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार सौसर थाना प्रभारी रूपलाल उइके ने बताया कि आज सुबह सूचना मिली कि किन्ही अज्ञात लोगों द्वारा ग्राहक सेवा केंद्र पहुँचकर 10 हजार एवं 20 हजार अलग-अलग अकाउंट में जमा करने के लिए कहा गया। जब अकाउंट में पैसे जमा हो गए तो नोटों की जांच के दौरान आधे नोट असली तो आधे नोट नकली पाए गए।

## बुल्स को हराकर जेसीसी ने जीता एसपीएल खिताबी मुकाबला

**नरसिंहपुर,देशबन्धु ।** दूधिया रौशनी से सराबोर ग्राम सिंहपुर के आम वाले मैदान में रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के द्वितीय संस्करण के फाइनल मैच के साथ ही विगत सत्ताईस दिनों से जारी गेंद और बल्ले के शानदार संघर्ष का समापन हुआ । सिंहपुर स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में आयोजित सिंहपुर प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला जे सी सी नरसिंहपुर और बुल्स नरसिंहपुर की टीमों के बीच खेला गया जिसमें जे सी सी नरसिंहपुर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुये 83 रनों से शानदार जीत हासिल कर एस पी एल 2025 का विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। खेले गये खिताबी मुकाबले में ढ़ोल नगाड़े और भव्य आतिशबाज़ी के बीच बुल्स नरसिंहपुर ने टॉस जीतकर पहले गेन्दबाज़ी करने का निर्णय लिया. बुल्स के द्वारा दिये गये बल्लेबाज़ी के न्योते को जे सी सी नरसिंहपुर के ओपनर बल्लेबाजों द्वारा सहर्ष स्वीकारते हुये विस्फोटक अंदाज में ताबड़तोड़ बल्लेबाज़ी कर बड़े स्कोर की आधारशिला रख दी. जे सी सी के सौरभ लहरिया (98रन/27 गेंद) ने अतिशी बल्लेबाज़ी करते हुये धमाकेदार पारी खेल खिताबी मैच पर अपनी टीम की पकड़ मजबूत बना दी. उन्होंने अपने साथी ओपनर वसीम ( 34 रन/ 11 गेंद ) के साथ मात्र 4.1 ओवर में 93 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप कर टीम को शानदार शुरुआत दी. हाँलाकि जे सी सी की टीम इस बेहतरीन शुरुआत का अपेक्षित लाभ ना उठा सकी और वसीम के आउट होने के बाद नियमित अंतराल पर विकेट खोने से जे सी सी 181 के स्कोर पर सिमट गयी. इस प्रकार 182 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुये बुल्स की टीम कभी भी लक्ष्य तक पहुँचती नजर नहीं आयी और लगातार विकेट्स खोती चली गयी तथा अंततः 98 के स्कोर पर सिमट गयी. इस प्रकार



### फाइनल के साथ सिंहपुर प्रीमियर लीग का धमाकेदार समापन

जे सी सी नरसिंहपुर ने एस पी एल 2025 का फाइनल मुकाबला 83 रनों से अपने नाम कर महाजन परिवार सिंहपुर के सौजन्य से प्रायोजित प्रथम पुरुस्कार 21000/- नगद और शानदार विजेता ट्रॉफी को प्राप्त करने का गौरव हासिल किया. इसके साथ ही बुल्स को उपविजेता के पुरुस्कार के रूप में 11000/- नगद और शानदार ट्रॉफी प्रदान की गयी जिसके प्रायोजक ग्राम सिंहपुर के सरपंच देवलाल पाल एवं असलम खान रहे। फाइनल के पूर्व तीसरे स्थान के लिये खेले गये मैच में एम फ सी नरसिंहपुर ने सनशाइन नरसिंहपुर की टीम को साँसे रोक देने वाले बेहद रोमांचक मुकाबले में मात्र 6 रनों से हराया और तृतीय पुरुस्कार के रूप में छः हजार रूपये नगद और चमचमाती ट्रॉफी पर अधिकार जमाया। जे सी सी के कप्तान सौरभ लहरिया को उनकी लगातार शानदार बल्लेबाजी के लिये मैन ऑफ़ द टूर्नामेंट और मैन ऑफ़ द फाइनल का पुरुस्कार दिया गया. सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज़ का पुरुस्कार भूपेंद्र ठाकुर, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरुस्कार प्रशान्त दुबे एवं सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरुस्कार रोहित नेमा को प्रदान किया गया. इसके अतिरिक्त साहिल शर्मा और दिव्यम शर्मा को बेहतरीन अंपायरिंग, सुलभ शर्मा एवं श्रीमंत सोनी को सटीक स्कोरिंग, सौरभ शर्मा को धाराप्रवाह शानदार कमेंट्री, अर्पित सक्सेना (पी जी कॉलेज) एवं हिमांशु जाट (शिव वॉरियर्स) को अद्भुत टीम समन्वय, 58 वर्षीय बी एल प्रधान को फिटेस्ट प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट, मनोज सोनी को दूधिया रौशनी की मनमोहक व्यवस्था, एम पी ई बी टीम को निर्बाध बिजली आपूर्ति, संदीप घोषी को विशेष सहयोग, बालमुकुंद को विशिष्ट दर्शक तथा गोलू मलाह को समर्पित मैदानी व्यवस्था हेतु धन्यवाद ज्ञापित करते हुये सम्मानित किया गया। इस सम्पूर्ण आयोजन की सराहना करते हुये टीम आमगांव की ओर से पधारे अनुराग सोनी, मनोज नामदेव एवं अन्य के द्वारा आयोजन समिति के सदस्यों को टीम आमगांव की ओर से अविस्मरणीय पलों के खूबसूरत चित्रों का अनूठा कोलाज फ्रेम निर्मित कर भेंट किया गया जिसकी सर्वत्र सराहना की गयी। पुरुस्कार वितरण के इस अवसर पर मंचसीन ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक शैलेष महाजन जी, खेल जगत के चर्चित व्यक्तित्व योगेश शर्मा, सिंहपुर स्पोर्ट्स क्लब के संरक्षक उपेन्द्र महाजन सहित सत्येंद्र शर्मा , जुगल किशोर शर्मा, नीरज महाजन , जुगल किशोर चौकसे, अजय महाजन , संजय ओरिया, किशोर महाजन, ब्रजेश बंगरेले जी, अनोज शर्मा , डॉक्टर आशुतोष दुबे , बालकिशोर चौकसे एवं सरपंच, ग्राम पंचायत सिंहपुर देवलाल पाल सहित अन्य अतिथियों द्वारा विजेता जे सी सी टीम, उपविजेता बुल्स टीम एवं द्वितीय उपविजेता एम फ सी टीम सहित सभी टीमों को शानदार खेल कौशल और खेल भावना का प्रदर्शन करने के बधाई और शुभकामनायें दी गयीं. समस्त अतिथियों ने सिंहपुर स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित इस सिंहपुर प्रीमियर लीग के सम्पूर्ण आयोजन की सराहना करते हुये इसे आगामी वर्षों में नये आयाम प्रदान करने की अपेक्षा की. सम्पूर्ण टूर्नामेंट निर्विवाद संपन्न होने पर सभी अतिथियों के द्वारा आयोजन समिति एवं खिलाडियों के आपसी समन्वय को सराहा गया। अंत में आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्य अभिजीत महाजन उर्फ़ विक्की ने सभी की प्रति आभार व्यक्त किया।

## पीजी कॉलेज में सेमिनार संगोष्ठी रिसर्च मैथेडोलॉजी विषय पर हुए आयोजन

नरसिंहपुर,देशबन्धु। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर के मनोविज्ञान विभाग में प्राचार्य डॉ. आरबी सिंह के संरक्षण एवं आई क्यू ए सी के मार्गदर्शन में विभागीय सेमिनार संगोष्ठी रिसर्च मैथेडोलॉजी विषय पर आयोजन किए गये।

सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में आई क्यू ए सी प्रभारी डॉ. सतीश दुबे विशिष्ट अतिथि डॉ. मनीष अग्रवाल, शामिल हुए एवं अध्यक्षता विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान प्रो सुधा विकरोल ने की। इस सेमिनार में मनोविज्ञान स्नातकोत्तर कक्षाओ के छात्र छात्राओं ने अनुसंधान के विभिन्न पक्षों पर रिसर्च पेपर एवं रिसर्च आलेख विभिन्न विषयों पर प्रस्तुत किए जैसे अनुसंधान अभिकल्प का परिचय क्रम गुणित अभिकल्प अनुसंधान अभिकल्प के प्रकार लैटिन वर्ग अभिकल्प अनुसंधान अभिकल्प के प्रकार लैटिन वर्ग अभिकल्प आदि। अतिथियों ने



छात्र छात्रों को अनुसन्धान के सन्दर्भ में संभावना एवं अनुसन्धान में नवाचार विषय पर सारगर्मित जानकारी प्रदान की और अपने व्यक्तित्व से विद्यार्थियों को अभिप्रेरित किया। विभागाध्यक्ष प्रो सुधा विकरोल ने अनुसंधान प्रतिवेदन लेखन पर विस्तृत एवं सारगर्मित जानकारी दी। सेमीनार में विभाग की जनभागीदारी शिक्षक सपना पटेल एवं मनोविशेषज्ञ उमेश पटेल हर्षित नेमा, कमलेश कहार का सक्रिय योगदान रहा अंत में सपना पटेल ने आभार प्रदर्शन किया ।



## जल संरक्षण और संवर्धन के लिए किया ग्रामीणों को प्रेरित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वाधान में विकासखंड गोटेगांव की नवांकुर संस्था अकोला द्वारा ग्राम राखी भैंसा में जल संगोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान ग्रामीणों को जल के महत्व व उसके समुचित उपयोग के साथ जल संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रेरित किया। नवांकुर संस्था अकोला के अध्यक्ष सोबरन सिंह लोधी ने ग्रामीणों को बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले की 30 नवांकुर संस्थाओं द्वारा जल संरक्षण व संवर्धन के लिए लगातार कार्य किये जा रहे हैं। विकासखंड समन्वयक प्रतीक दुबे ने कहा कि अभियान के दौरान पुरानी जल संरचनाओं की साफ-सफाई व जीर्णोद्धार के साथ- साथ नवीन जल संरचनाओं का निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा लोगों को जागरूक करने के लिए दीवार लेखन, रंगोली, विभिन्न प्रतियोगितायें, जल चौपाल, संगोष्ठी आदि गतिविधियों 30 जून तक निरंतर आयोजित किये जा रहे हैं।

## नरवाई जलाने पर तीन व्यक्तियों पर एफआईआर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा लगातार समझाईश देने के बाद भी तीन व्यक्तियों द्वारा नरवाई में आग लगाए जाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। नरवाई जलाने से होने वाले नुकसानों के बारे में कृषि विभाग द्वारा व्यक्तियों को लगातार अवगत कराया जा रहा है, साथ ही नरवाई प्रबंधन के लिए विकासखंड छिन्दवाड़ा में बी.आई.एस.ए. संस्था जबलपुर के सहयोग तथा किसानों द्वारा स्वप्रेरित होकर भी बड़ी संख्या में सुपरसीडर द्वारा मूंग फ्सल की बोनी खड़ी नरवाई में की गई है। इन प्रयासों के बाद भी विकासखंड छिन्दवाड़ा में नरवाई जलाने पर कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने व्यक्तियों पर कार्यवाही की है। नरवाई जलाने पर शनिवार देर शाम जिले के कुंडीपुरा थाने में ग्राम अतरवाड़ा के कमलेश पिता बुद्धू चौरिया, ग्राम भानादेही के करण पिता रेशम चंद्रवंशी तथा चांद थाने में ग्राम थांवरीकला के भैयालाल पिता देवचंद पाल के खिलाफ एफ्आईआर दर्ज की गई।


## मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

